संपादकीय

मूर्तियों की माया

वर्ष 2008 में मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी, तभी से खुद अपनी और दलित नेताओं की मूर्तियों के साथ हाथियों की करोड़ों की मूर्तियां बनवाने से विवादों में घिरी रहीं। विपक्षी पार्टियों के लिए माया की मूर्तियां हमेशा एक राजनीतिक हथियार बनती रहीं। सवाल उछलते रहे कि प्रदेश के लिए यह करोड़ों की मूर्तियां आवश्यक हैं या विकास। यह विवाद उनकी अपनी पार्टी में सुलगने लगा था कि दलितों के विकास और रोजगार देने की बजाय इस तरह से पार्टी के सिंबल का विज्ञापन-प्रदर्शन करके जनता के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे संबंधित एक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में 2009 में दाखिल की गई थी, जिसमें उन्हें पदच्युत करने और सीबीआई द्वारा जांच करने की मांग की गई थी। लेकिन करदाताओं के धन के दुरुपयोग की मनमानी होती रही। नोएडा और लखनऊ में प्रमुख मार्गों और विभिन्न स्थानों पर मूर्तियों का निर्माण उसी तरह जारी रहा। यहां तक कि 2012 के चुनाव के समय चुनाव आयोग ने हाथियों की प्रतिमाओं को ढकने का आदेश भी दे दिया था। इस तरह हाथियों की मूर्तियों के निर्माण पर जनता का करीब 2000 करोड़ रुपया खर्च किया गया और रोम के स्मारकों को टक्क र देती हुई सेंड स्टोन की मूर्तियां और पार्क बनाए जो कि सिर्फ एक नेता के अहम पूर्ति के लिए किए गए।

अब न्यायालय ने एक सख्त निर्णय लेते हुए मायावती को वह सभी धन, जो उन्होंने मूर्तियों पर खर्च किया है, उसे वापस करने का आदेश दिया है। इस मामले में निर्णायक सुनवाई 2 अप्रैल को होगी। यही नहीं, मायावती ने हाथियों की मूर्तियों पर पैसे पानी की तरह बहाने के साथ ही भारतीय सभ्यता और संस्कृति के इस प्रतीक को सिर्फ चुनाव निशान बना डाला। महात्मा बुद्ध की जीवन कथाओं में हाथियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हिंदू धर्म में भी हाथी कई देवी-देवताओं के वाहन के रूप में प्रतिस्थापित किए गए हैं। इसीलिए यदि इसे सिर्फ एक पार्टी के चुनाव चिन्ह के रूप में ही स्थापित किया गया तो यह पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं के साथ अन्याय ही होगा।

दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा वृद्धि बाजार के रूप में चीन को पीछे छोड़ देगा भारत: बीपी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत दुनिया के ऊर्जा क्षेत्र में तीव्र वृद्धि वाले बाजार के रूप में 2020 के मध्य तक चीन को पीछे छोड़ देगा। विश्व की बढ़ती मांग में एक चौथाई से अधिक हिस्सेदारी दक्षिण एशियाई देश की होगी। ब्रिटेन की बड़ी कंपनी बीपी ने सालाना ऊर्जा परिदृश्य में यह कहा गया है। रिपोर्ट में उन अनिश्चितताओं को टटोला गया है जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार पर 2040 तक प्रभाव पड़ सकता है। वर्ष 2019 के संस्करण में कहा गया है, ''इस अवधि की सबसे बड़ी अनिश्चितता निरंतर वैश्विक आर्थिक वृद्धि तथा बढ़ती समृद्धि को समर्थन देने के लिये और ऊर्जा की बढ़ती जरूरत है। इसके अलावा कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकी अपनाना भी एक चुनौती है। ये परिदृश्य दोहरी चुनौतियों को रेखांकित कर रहे हैं जिसका सामना विश्व कर रहा है।'' रिपोर्ट के अनुसार खासकर भारत, चीन और एशिया के अन्य देशों में जीवन स्तर में सुधार के साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की मांग 2040 तक करीब एक तिहाई बढ़ने का अनुमान है। इसकी आपूर्ति मुख्य रूप से प्राकृतिक गैस से होगी। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तीव्र वृद्धि की उम्मीद है और कुल ऊर्जा में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी मौजूदा 4 प्रतिशत से बढ़कर 2040 तक 15 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। बीपी के अनुसार, ''ऊर्जा मांग वृद्धि भारत और चीन की अगुवाई में तीव्र विकास कर रही अर्थव्यवस्थाओं से होगी...दुनिया में होने वाले उत्पादन में वृद्धि में विकासशील अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक होगी। इसमें चीन और भारत की हिस्सेदारी करीब आधी होगी।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की ऊर्जा खपत 2040 तक 156 प्रतिशत बढ़कर 192.8 करोड़ टन तेल समतुल्य हो जाने का अनुमान है जो 2017 में 75.4 करोड़ टन तेल समतुल्य रहने का अनुमान है। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा मांग में वृद्धि विकासशील एशिया (भारत, चीन और अन्य एशियाई देश) में केंद्रित होगी। इन देशों में जीवन स्तर में सुधार, समृद्धि में विस्तार से प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत बढ़ेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, ''चीन आर्थिक वृद्धि के अधिक सतत प्रतिरूप की ओर बढ़ रहा है। इसका मतलब है कि 2020 के मध्य तक दुनिया के सबसे अधिक वृद्धि वाले बाजार के रूप में भारत, चीन को पीछे छोड़ देगा। उसकी वैश्विक ऊर्जा मांग में वृद्धि में हिस्सेदारी एक चौथाई से अधिक होगी। इसके बावजूद चीन ऊर्जा के लिये बड़ा बाजार बना रहेगा।''

अमर्त्य सेन ने जताई उम्मीद, लोकसभा चुनाव लेकर आएगा अच्छे परिणाम

शांतिनिकेतन। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने कहा है कि देश में प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई है कि आगामी लोकसभा चुनाव कुछ अच्छे परिणाम लेकर आएगा । उन्होंने दावा किया कि आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा जैसे योजनाओं से देश में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं हुआ है।

नोबेल पुरस्कार विजेता ने कहा, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की यहां अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो इसका खर्च वहन कर सकते हैं वह निजी अस्पतालों में जाते हैं क्योंकि सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अच्छी नहीं है । उन्होंने हलांकि, उम्मीद जताई कि आगामी आम चुनाव कुछ अच्छे परिणाम लेकर आएगा।

सेन ने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को लोकसभा चुनाव का इंतजार है और हमे उम्मीद है कि परिणाम अच्छा होगा, देश विकास करेगा। मैं निराशावादी नहीं हूं। मुझे लोकतंत्र में भरोसा है। भारत और चीन के प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क लोकतंत्र के बारे में हमसे सीख सकता है लेकिन हमें पता लगाना होगा कि उनका आर्थिक विकास इतना तेज क्यों है।

हवाई अड्डा कारोबार को अलग करने के लिए जीएमआर इंफ्रा ने उप-समिति बनाई

हैदराबाद (आरएनएस)। जीएमआर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने कहा कि उसने हवाई अड्डा परिचालन कारोबार को अलग करने की संभावना तलाशने के लिए अपने निदेशक मंडल की एक उप-समिति का गठन किया है। उसे भारत में इस क्षेत्र में 100 अरब डॉलर के निवेश के अवसर दिखाए दे रहा है। जीएमआर ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों की दी सूचना में कहा कि कंपनी को हवाई अड्डा कारोबार के लिए निवेशकों से कई प्रस्ताव पहले ही मिल चुके हैं। इन प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जा रहा है और इसे नई गठित उप-समिति की बैठक में रखा जाएगा।

पुलवामा हमले के बाद विराट कोहली की फाउंडेशन ने स्थगित किया कार्यक्रम

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में गुरुवार को हुए आतंकवादी हमलों के बाद आरपी-एसजी इंडियन स्पोर्ट्स सम्मान कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। इस सम्मान कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली की फाउंडेशन भी सहयोगी थी। पुलवामा में हुए आत्मघाती आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए जिसे लेकर देशभर में गुस्से और गम का माहौल है। विराट कोहली ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, आरपी-एसजी इंडियन स्पोर्ट्स सम्मान को स्थगित कर दिया गया है। इस मुश्किल घड़ी में जिसमें बड़ा नुकसान हुआ, हम शनिवार को होने वाले इस कार्यक्रम को फिलहाल रद्द करने का फैसला कर रहे हैं।

आईएसएल-5 : केरला ब्लास्टर्स ने चेन्नै को 3-0 से दी मात

कोच्चि(आरएनएस)। मातेज पोपलातनिक के 2 गोलों की मदद से केरला ब्लास्टर्स ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पांचवें सीजन के एकतरफा मैच में शुक्रवार को यहां चेन्नैयन एफसी को हरा दिया। केरल ने चेन्नै के खिलाफ 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। केरला ब्लास्टर्स की तरफ से पोपलातनिक ने 23वें और 55वें मिनट में गोल किए। उसके लिए तीसरा गोल सहल अब्दुल समद ने 71वें मिनट में किया। ये दोनों टीमें प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं। इस जीत से केरल की टीम 16 मैचों में 14 अंक के साथ एक पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गई है। चेन्नै की टीम के 16 मैचों में 8 अंक हैं तथा वह 10वें स्थान पर है। मैच में पोपलातनिक ने 23वें मिनट में शानदार गोल से अपनी टीम को बढ़त दिलाई और हाफ टाइम तक स्कोर 1-0 से केरला के पक्ष में रहा।

गौरव सोलंकी, निकहत स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नमेंट के अगले दौर में पहुंचे

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता गौरव सोलंकी बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 70वें स्ट्रांजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नमेंट के पुरुषों के 52 किग्रा भार वर्ग में प्री-क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे, जबकि पूर्व विश्व चैम्पियन निकहत जरीन ने (51 किग्रा) महिला वर्ग के क्वॉर्टर फाइनल में जगह पक्की की। निकहत ने शुरुआती मुकाबले में इटली की जियोवाना मार्शेस को मात दी जबकि सोलंकी ने अमेरिका के अब्राहम पेरेज को परास्त किया।

पिछले साल इंडिया ओपन और केमेस्ट्री कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सोलंकी को क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कजाखस्तान के अनवर मुजापारोव की चुनौती से पार पाना होगा। निकहत क्वॉर्टर फाइनल में बेलारूस की याना बुर्यम के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। पुरूषों के वर्ग में उलानबटार कप के स्वर्ण पदक विजेता अंकुश दहिया (60 किग्रा) भी अंतिम-16 में पहुंचने में सफल रहे। दहिया ने खंडित फैसले से अजरबैजान के सरखान अलीयेव को हराया। प्रीक्वॉर्टर फाइनल में उनका सामना मैसेडोनिया के जैसिन लजामा से होगा।

जेटली को फिर केंद्रीय वित्त मंत्रालय का प्रभार

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली को वित्त और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय का प्रभार सौंपने का निर्देश दिया है। राष्ट्रपति भवन के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूचनाओं के मुताबिक, सॉफ्ट टिशू कैंसर का पता चलने के बाद जेटली 13 जनवरी को इलाज के लिए न्यूयॉर्क गए थे। वह पिछले हफ्ते इलाज कराकर वापस आए हैं। उनकी अनुपस्थिति में 23 जनवरी को गोयल को अस्थायी रूप से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। अपनी मधुरवाणी और भाषा से आप किसी को भी मना सकेंगे। मध्याह्न के बाद आपके उत्साह में वृद्धि होने की संभावना है और इससे मन प्रफुल्लित होगा। ।

वृषभः- आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी शक्ति यों में वृद्धि हो सकती है।

मिथुनः- आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज आप चिंताओं से परेशान हो सकते हैं और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा।

कर्कः- आज आपको स्त्रीवर्ग से लाभ होने का भी योग है। प्रियपात्र से भेंट होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु मध्याह्न के बाद आपके मन में विविध प्रकार की चिंताएं उठ सकती हैं।

सिंहः- आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ आनंदपूर्वक पलों को मनाएंगे।

कन्याः- नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय अनुकूल है। आज अध्यात्म की भावना रहेगी। कार्यालय और व्यावसायिक स्थल पर कार्य भार अधिक हो सकता है।

तुलाः- खान-पान पर आज विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। प्रवास लाभदायी नहीं है। परंतु मध्याह्न के बाद आपको कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृश्चिकः- आज दांपत्य जीवन में खुशी का अनुभव रहेगा। परिजनों के साथ सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। छोटे से प्रवास का योग है। मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका है। धनुः- आजका दिन शुभफलदायी होगा। आज आप अपने अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मकरः- वैचारिक स्तर पर विशालता और मधुरवाणी से आप परिजनों को प्रभावित कर सकेंगे। वाणी की मधुरता आपको नए संबंध बनाने में भी काम आएगी। आर्थिक आयोजन भी आज आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

कुंभः- आज आप प्रत्येक कार्य को आत्मविश्वास पूर्वक ठीक तरह से संपन्न कर सकेंगे। आर्थिक व्यवहार में आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि के पत्रों से संबंधित कार्यवाही में सावधानीपूर्वक आगे बढ़ें। मन में प्रफुल्लता रहेगी।

मीनः- आपको चिंता के भारीपन के स्थान में आज हलकेपन का अनुभव होगा। आनंद और उत्साह में वृद्धि होगी। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान देंगे। आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ कर पाएंगे। पितृपक्ष से लाभ होने की संभावना है।

पनीर आलू कोफ्ता करी...

आलू-पनीर कोफ्ते को रोटी हो या चावल, लंच हो या डिनर कैसे भी खाया जा सकता है। मेहमानों को खाने पर बुला रही हैं तो उन्हें भी ये डिश बहुत पसंद आएगी, जानते हैं इसकी रेसिपी।

सामग्री :

आलू - 4 (उबले हुए), पनीर - 125 ग्राम, खसखस - 1/4 कप, टमाटर - 3, हरी मिर्च- 2, कॉर्न फ्लोर - 1/4 कप, हरा धनिया - 2-3 टेबल स्पून (बारीक कटा हुआ), काजू - 5-6 (बारीक कटे), किशमिश- 15-20, अदरक पेस्ट- 1 चम्मच, जीरा - 1/4 चम्मच,हल्दी पाउडर - 1/2चम्मच, धनिया पाउडर - 1 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - 1/2चम्मच, गरम मसाला - 1/4 चम्मच, नमक - स्वादानुसार, तेल -तलने के लिए

विधि :

उबले आलू को छीलकर और पनीर को कद्दूकस कर लेंगे।

अब इसमें नमक, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा हरा धनिया, 1/4 कप कॉर्नफ्लोर, कटे हुए काजू और किशमिश को भी डाल कर मिक्स कर लेंगे।

कढ़ाई में तेल गरम कर मिक्सचर को चपटा कर, उस पर काजू के टुकड़े और 1-2 किशमिश रखकर चारो ओर से बन्द करके गोल कर लेंगे।

गरम तेल में कोफ्ते को डाल कर अलट पलट कर गोल्डन ब्राउन होने तक तल लेंगे।

ग्रेवी के लिए

पैन में 4 टेबल स्पून तेल डालेंगे। फिर जीरा, भूनने के बाद हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और अदरक का पेस्ट डाल कर मसाले को हल्का सा भून लेंगे। अब मसाले में टमाटर और हरी मिर्च का पेस्ट डाल फिर इसमें खसखस का पेस्ट और लाल मिर्च पाउडर डालकर मसाले को अच्छे से भुनेंगे।

अब मसाले में पानी डाल सकते हैं। नमक, गरम मसाला और थोड़ा सा हरा धनिया डाल कर 5-6 मिनट ढककर पकाएंगे।

ई-कॉमर्स के बाद अब इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों पर भड़के ऑफलाइन स्टोर्स

कोलकाता (आरएनएस)। ऑफलाइन स्टोर्स ने तय किया है कि अगर इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड्स ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर डिस्काउंट देना और एक्सक्लूसिव मॉडल लॉन्च करना बंद नहीं करेंगे तो वे उनके खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे। ऐमजॉन और फ्लिपकार्ट के बड़े सेलर्स ने उनके प्लेटफॉर्म्स पर अपना सामान बेचना शुरू कर दिया है, जिससे स्मार्टफोन, कंप्यूटर और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रॉडक्ट्स बेचने वाले ऑफलाइन स्टोर्स को ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर डीप डिस्काउंटिंग जारी रहने का डर सताने लगा है।

ई-कॉमर्स में एफडीआई के नए नॉर्म्स 1 फरवरी को लागू होने के बाद कुछ ऑनलाइन मार्केटप्लेस को अपने कारोबारी तौर-तरीकों में बदलाव करना पड़ा, लेकिन इनकी तरफ से फिर सस्ते दाम में प्रॉडक्ट्स मुहैया कराने के चलते एक बार फिर ऑफलाइन स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के बीच जंग के आसार बन रहे हैं।

सेलफोन बेचने वाले रिटेलर्स ने फैसला किया है कि वे ऑनलाइन डिस्काउंट ऑफर करनेवाले किसी भी ब्रांड के प्रॉडक्ट्स नहीं बेचेंगे। आईटी प्रॉडक्ट्स बेचने वाले ऑफलाइन स्टोर्स का कहना है कि उन्होंने डेल, एचपी, लेनोवो, एसर और आसुस सहित टॉप ब्रांड्स के प्रॉडक्ट्स ऑनलाइन वाले रेट पर ही बेचने के लिए उनके साथ करार किया है।

शब्द सामर्थ्य-80

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 79 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

सू-दोकू-80

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.79का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6